हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

12 अगस्त 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने चण्डीगढ़ से कश्मीर के लिए तिरंगा यात्रा को झण्डी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा, देशवासियों के गौरव और पूर्वजों के त्याग का प्रतीक है।
- केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आज नई दिल्ली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया।
- हरियाणा के विरासत मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की आधिकारिक वैबसाइट का शुभारंभ किया।
- पलवल, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और रोहतक सहित आज प्रदेशभर में शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रायें निकाली गईं।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी निर्वाचन आयोग पर बिना तथ्यों के आरोप लगा रहे हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में अपने निवास संत कबीर कुटीर से 'तिरंगा यात्रा' को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो पंजाब से होते हुए कश्मीर के ऐतिहासिक लाल चौक तक जाएगी। मीडिया छात्र संघ द्वारा आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य देश भर में एकता के संदेश को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ाना और भाईचारे के बंधन को मज़बूत करना है। यह यात्रा 18 अगस्त को संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह ने इस पूरी यात्रा का नेतृत्व और प्रबंधन छात्राओं द्वारा किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा न केवल हरियाणा की बेटियों के साहस को दर्शाती है, बल्कि पूरे देश की महिलाओं की शक्ति का भी प्रतिनिधित्व करती है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'भारत माता' के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने संघ के पदाधिकारियों और यात्रा में भाग लेने वाली 100 से अधिक छात्राओं को बधाई दी और कहा कि तिरंगा हमारे दिलों में है।

*************************************************************************

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया। केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू, संजय सेठ और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अन्य सांसदों के साथ इस रैली का नेतृत्व किया। यह रैली स्वतंत्रता दिवस से पहले मनाए जाने वाले वार्षिक समारोह का हिस्सा है। इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राष्ट्र ध्वज तिरंगा देश को एक सूत्र में पिरोता है।

*तिरंगा ऐसी ताकत है जो हम सबको एकता के सूत्र में बांधता है और तिरंगा हमें स्मरण कराता है उन लाखों-लाखों बलिदानियों का जिन्होंने देश की रक्षा के लिए, देश की स्वतंत्रता के लिए अपनेआप को समर्पित किया। देश का प्रत्येक व्यक्ति अपने घर पर तिरंगा फहरा कर के अपनेआप को गौरवान्वित महसूस करे।*

***************************************************************************

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने आज चंडीगढ़ में हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://archaeology.haryana.gov.in/ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वेबसाइट प्रदेश की पुरातात्विक विरासत व सांस्कृतिक समृद्धता को देश-दुनिया के सामने पहुंचाने का बेहतरीन मंच साबित होगी। मंत्री ने कहा कि यह वेबसाइट हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

***************************************************************************

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज पलवल के इंडोर स्टेडियम में तिरंगा मेले का आयोजन किया गया। तिरंगा मेले में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों और तिरंगा थीम संबंधित वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में बेहतर समझ विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि मेले में स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल मिशन को बढ़ावा देना है।

***************************************************************************

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज पलवल जिला प्रशासन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम से विशाल तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम से शुरू होकर विभिन्न मार्गों और चौराहों से होती हुई वापस नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ,पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला,भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला भी शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैसला ने लोगों से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भव्य तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई। जिसमें चार से पांच हजार लोगों ने भाग लिया।

***************************************************************************

आजादी के पर्व और शहीदों के सम्मान के उपलक्ष्य में आज यमुनानगर जिले के गांव खेडक्री ब्राह्मण में एक यात्रा राष्ट्रभक्ति के नाम से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गाँव में स्थित शहीद रामकिशन सैनी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं व संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कृषि मंत्री ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं है, बल्कि हमारे देश की आन-बान-शान के साथ-साथ अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है।

***************************************************************************

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी आज हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करने की शपथ दिलाई।

***************************************************************************

रोहतक में गोकर्ण मंडल द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गौकर्ण पार्क से शुरू होकर भिवानी स्टैण्ड पर शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा के पास संपन्न हुई। यात्रा की समाप्ति पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी। जिला सह मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा की अगुवाई मंडल अध्यक्ष गीता आहल्याण ने की। यात्रा मे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

*****************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिना तथ्यों के निर्वाचन आयोग पर आरोप लगा रहे हैं। वे पंचकूला में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के सवालों के उत्तर दे रहे थे। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के नेता जिस प्रकार का प्रचार व बयानबाजी कर रहे हैं उसको लेकर मुख्य निर्वाचन आयोग व हरियाणा निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को  नोटिस भेजा है।

उन्होंने कहा कि वोट जोड़ने की और वोट काटने की एक कानूनी प्रक्रिया होती है।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज प्रशासनिक सचिवों के साथ 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नागरिक उड्डयन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, कृषि एवं किसान कल्याण, उद्योग एवं वाणिज्य तथा ऊर्जा विभागों से जुड़ी, 21,548 करोड़ रुपये से अधिक की 18 परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं के कार्यान्यिन में अगर कोई बाधा है तो उसे तत्परता से दूर करें। इसके अलावा, समय-समय पर परियोजनाओं की निगरानी करें ताकि इनका समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

*****************************************************************************